आकाशवाणी श्री विजयपुरम

24.04.2026 समय : 1905

1. सांसद बिष्णु पद रे ने बाराटांग और कदमतला में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत चार सड़क उन्नयन कार्यों का शिलान्यास किया।

2. केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निकोबारी आलू पीलर को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय से मान्यता मिली।

3. नमुनाघर ग्राम पंचायत में चौथा पंचायत स्थापना दिवस मनाया गया।

4. एम वी स्वराज द्वीप कल सुबह दस बजे राजधानी श्री विजयपुरम से विशाखापट्टनम के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सांसद बिष्णु पद रे ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत परियोजनाओं का शिलान्यास किया। यह कार्यक्रम 22 और 23 अप्रैल को बाराटांग और कदमतला क्षेत्रों में आयोजित हुआ, जिसमें मध्योत्तर अंडमान के उपायुक्त सुशांत पाधा सहित अन्य अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कुल चार स्थानों पर शिलान्यास किया गया, जिनमें बाराटांग में एक और कदमतला में तीन परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं के तहत विभिन्न ग्रामीण सड़कों का उन्नयन किया जाएगा, जिनमें विजयगढ़ क्षेत्र की सड़क, कदमतला में ATR से जरवा टिकरी, उत्तर बड़ा गोल और उत्तर कॉर्नर तक की सड़कें शामिल हैं। इन सड़कों की खराब स्थिति के कारण स्थानीय लोगों को लंबे समय से आवागमन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। परियोजनाओं के पूर्ण होने से इन समस्याओं में काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने किसानों के लिए एक उपयोगी और सरल उपकरण "द्वीप निकोबारी आलू पीलर" विकसित किया है, जिसे भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय से डिज़ाइन पंजीकरण प्राप्त हुआ है। यह उपकरण विशेष रूप से निकोबारी आलू या डायोस्कोरिया अलाटा की छिलाई के लिए तैयार किया गया है, जो इस क्षेत्र में व्यापक रूप से उगाई जाने वाली फसल है। निकोबारी आलू की सख्त बाहरी त्वचा को पारंपरिक तरीकों से हटाना श्रमसाध्य और समय लेने वाला कार्य होता है। इस नई तकनीक से विकसित पीलर बिना खाद्य भाग को नुकसान पहुंचाए आसानी से छिलका हटाता है। इससे समय की बचत, श्रम में कमी, प्रसंस्करण दक्षता में सुधार और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलता है। इस उपकरण का विकास वैज्ञानिकों की टीम—डॉ. आई. जैसांकर, डॉ. टी. सुब्रमणि और आईसीएआर—सीआईएआरआई के पूर्व निदेशक डॉ. ई. बी. चाकुरकर—द्वारा किया गया है। यह नवाचार क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

<><><><><><><>

कृषि विज्ञान केन्द्र निम्बुडेरा द्वारा कृषि विभाग एवं केन्द्रशासित कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एंजेसी, मायाबंदर के सहयोग से आज मायाबंदर ब्लॉक के परेशनगर गाँव में "उर्वरकों के संतुलित उपयोग" पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य जागरूकता और सतत कृषि उत्पादन के लिए वैज्ञानिक कृषि इनपुट के उपयोग के प्रति शिक्षित करना था। किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में लगभग 30 किसानों ने भाग लिया। यह अभियान श्री विजयपुरम के केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक (प्रभारी) डॉ. जय सुंदर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, श्री विजयपुरम ने आत्मा के सहयोग से कल दक्षिण अंडमान के बिम्बलिटान गाँव में उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य द्वीपीय परिस्थितियों के अनुरूप सतत पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एम. मुरुगानंदम ने फसल उत्पादकता बढ़ाने, लागत घटाने और पर्यावरणीय जोखिम कम करने के लिए जैविक, अकार्बनिक उर्वरकों के समन्वित उपयोग पर जोर दिया।

अजोला, एनाबीना जैसे नीले–हरे शैवाल एवं दलहनी फसलों की भूमिका के महत्व पर भी चर्चा की गई। डॉ. अजीत सिंह वामन ने मसाला एवं स्थानीय फल फसलों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. पुनीत और आत्मा के सहायक कृषि निदेशक रवि ने उर्वरकों के सही मात्रा, समय और स्थान पर उपयोग को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में 30 किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत नमुनाघर के लप्पा टेकरी मैदान में कल चौथे पंचायत स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपराज्यपाल के संयुक्त सचिव एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, निदेशक (आरडी/पंचायत), डॉ. अपूर्व शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत नमुनाघर के प्रधान, उप प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, मीठाखाड़ी के प्रधान सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। अपने संबोधन में नमुनाघर के प्रधान ने मेले में लगाए गए सरकारी स्टॉलों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। इसके साथ ही नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके साहस, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन किया।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम से विशाखापट्टनम के लिए यात्री जहाज एमवी स्वराज द्वीप कल सुबह 10 बजे रवाना होगा। यात्रियों का बोर्डिंग कल सुबह 7 बजे से 9 बजे तक होगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में ओपन शतरंज टूर्नामेंट "अंडमान निकोबार शतरंज महासंग्राम 2.0" का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता कल से शुरू होगी। आयोजन प्रतिदिन शाम 5 बजे से 8 बजे तक निर्धारित समयानुसार संपन्न किया जाएगा।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता एवं साफ–सफाई की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए आज पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित एवं स्वच्छ भारत मिशन के एंबेसडर नरेश चंद्र लाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विम्बर्लीगंज का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता की समीक्षा की और छात्रों व शिक्षकों से संवाद कर स्वच्छता को अपने विद्यालय एवं समाज में अपनाने की अपील की। इस अवसर पर बम्बूफ्लाट थाना प्रभारी एस. कानन ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी और "नशे से दूर रहें" का संदेश भी दिया। शिक्षा विभाग के डीईओ विम्बर्लीगंज डॉ. मनोहरन एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य भी इस दौरे के दौरान उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

बिलिग्राउंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आज टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी की रोकथाम, समय पर पहचान और उपचार के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मायाबंदर की प्रखण्ड प्रमुख शिबानी मजूमदार रहीं। शिविर का शुभारंभ जी डी एम ओ आयुर्वेद डॉ. एस. त्रिवेणी मंजू के स्वागत संबोधन से हुआ। डॉ. केशवन मुरुगेसन (GDMO) ने टीबी के लक्षण, संक्रमण के तरीके, जांच और उपचार पर विस्तृत जानकारी दी।

<><><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वारा कल कड़ाकाचांग क्षेत्र में वृक्ष कटाई कार्य के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार निर्धारित शटडाउन इस प्रकार रहेगा–सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक टाइगर फीडर एवं आउटर फीडर प्रभावित रहेंगे। टाइगर फीडर के अंतर्गत धन्नीखाड़ी, छोलदारी, पोर्ट मोट, ओग्राब्राज, नमुनाघर एवं टेंपल म्यो क्षेत्र शामिल हैं। वहीं आउटर फीडर के अंतर्गत टेलराबाद, बिम्बलिटान, सिप्पीघाट, नया शहर, मंगलुटान, वंडूर, जोड़ाकनाल एवं गुप्तापाड़ा क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक SBFG फीडर के अंतर्गत विम्बर्लीगंज, फरारगंज, जिरकटांग, शोल बे एवं राम नगर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>